समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# यूपी : मजदूर से बना बिजनेसमैन, मोदी सरकार की योजना से बदली मोहम्मद नबी की ज़िंदगी ।

Publisher

Published on 13 Jun 2025




## स्टार्टअप इंडिया योजना से बदली किस्मत, मोहम्मद नबी अब कर रहे है 4 करोड़ का कारोबार, 10 लोगों को दे रहे है रोजगार ।

**मोदी सरकार की स्टार्टअप योजना से मिली नई पहचान**

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में रहने वाले **मोहम्मद नबी** कभी उत्तराखंड में मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते थे। लेकिन आज वे **4 करोड़ रुपये** सालाना का कारोबार कर रहे हैं और खुद **10 से अधिक लोगों को रोजगार** दे रहे हैं। यह सब संभव हो पाया **प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी की स्टार्टअप योजना** के चलते।

**गांव मे लगाया सरसों तेल का कोल्हू**

तीन साल पहले पिता के निधन के बाद जब **मोहम्मद नबी** अपने गांव लौटे, तो उन्होंने खुद का काम शुरू करने का मन बनाया। लेकिन आर्थिक तंगी उनके रास्ते की सबसे बड़ी रुकावट थी। तब उन्हें किसी ने **जिला उद्योग केद्रं** के जरिए **स्टार्टअप इंडिया योजना** की जानकारी दी।

उन्होंने योजना के तहत **₹25 लाख का लोन** लिया, और अपने गांव की पैतृक जमीन पर सरसों तेल निकालने का कोल्हू लगाया। **बिजली विभाग से मुफ्त मे ट्रांसफार्मर, उद्योग विभाग** से हरसंभव सहयोग और सरकार से सब्सिडी भी मिली।

**कारोबार पहुँचा करोड़ों मे, बना खुद का ब्रांड 'हिमशिला'**

आज **मोहम्मद नबी** का कारोबार सालाना **₹4 करोड़** का हो चुका है। उन्होंने '**हिमशिला**' नाम से सरसों तेल का अपना ब्रांड तैयार

किया है, जो **उत्तर प्रदेश** और **उत्तराखंड** में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। तेल की **गुणवत्ता** और **शुद्धता** के कारण ग्राहकों में विश्वास बना है और मांग बढ़ती जा रही है।

### 10 से अधिक लोगों को दे रहे रोज़गार

अब नबी खुद एक उद्यमी बन चुके हैं और 10 से अधिक युवाओं को अपने कारखाने में रोज़गार दे रहे हैं। उनका सपना है कि आने वाले वर्षों में वह एक बड़ी फैक्ट्री लगाएं और अपने कारोबार को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाएं।

### मोदी सरकार और योजनाओं का जताया आभार

**मोहम्मद नबी** का कहना है, "मोदी सरकार की वजह से हम जैसे गरीब युवाओं को भी बिजनेस शुरू करने का मौका मिला है। कहीं कोई रिश्वत नहीं देनी पड़ी, सबकुछ पारदर्शी तरीके से हुआ। मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया, जीएसटी जैसे सुधारों से कारोबार आसान हुआ है।"

वे यूपी की योगी सरकार की बेहतर **कानून-व्यवस्था** की भी तारीफ करते हैं, जिससे व्यापारियों में सुरक्षा की भावना बनी है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.